1. अग्नि कुंड से राजपूतों की उत्पत्ति के सिद्धांत का समर्थन निम्नलिखित में से किसने नहीं किया है?
(a) मुहणौत नैणसी
(b) सूर्यमल्ल मिश्रण
(c) जोधराज
(d) गौरीशंकर हीराचंद ओझा

2. महाराणा कुंभा ने अपनी टीका रसिकप्रिया में राजपूतों की उत्पत्ति किससे बताई है?
(a) ब्राह्मणों से
(b) अग्निकुंड से
(c) सूर्य से
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

3. राजपूतों को हूणों की संतान बताया है-
(a) वी.ए. स्मिथ
(b) कर्नल जेम्स टॉड
(c) डॉ. भंडारकर
(d) डॉ. दशरथ शर्मा

4. निम्न में से किस स्त्रोत में गुर्जर-प्रतिहार की प्रारंभिक वंशावली मिलती है?
(a) बिजोलिया शिलालेख
(b) रणथम्भौर प्रशस्ति
(c) घटियाला शिलालेख
(d) कुम्भलगढ़ प्रशस्ति

5. एहोल प्रशस्ति के अनुसार प्रतिहार वंश का वास्तविक संस्थापक कौन था?
(a) नागभट्ट-I
(b) वत्सराज
(c) हरिशचन्द्र
(d) इन्द्रजीत

6. प्रतिहार वंश के किस शासक ने सर्वप्रथम "रणहस्तिन एवं जयवराह" जैसी उपाधियाँ धारण की थी?
(a) नागभट्ट-I
(b) वत्सराज
(c) बाउक
(d) यशोवर्धन

7. गुर्जर-प्रतिहारों का प्रथम पितृहन्ता शासक था-
(a) नागभट्ट-द्वितीय
(b) रामभद्र
(c) मिहिर भोज
(d) वत्सराज

8. वत्सराज के किस दरबारी विद्वान के ग्रंथ में मरुभाषा का उल्लेख मिलता है?
(a) जिनसेन सूरी
(b) उद्योतन सूरी
(c) a तथा b दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. किस प्रतिहार के शासनकाल में भारत के प्रमुख तीन राजवंशों में कन्नौज को लेकर त्रिपक्षीय संघर्ष की शुरुआत हुई?
(a) नागभट्ट - I
(b) नागभट्ट - II
(c) वत्सराज
(d) मिहिर भोज

10. गुहिल वंश की उत्पत्ति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सत्य है/हैं?
(A) अबुल फजल के अनुसार गुहिल ईरानी बादशाह नौशेर खाँ आदिल की संतान थे।
(B) टॉड के अनुसार गुहिल शिलादित्य के वंशज थे।
कूट:-
(a) केवल A
(b) केवल B
(c) A व B दोनों
(d) ना तो A, ना ही B

11. गुहिल वंश के संदर्भ में निम्नलिखित में से असुमेलित कथन को छाँटिए -
(a) गुहिल वंश के कुलदेवता – एकलिंगनाथ जी
(b) गुहिल वंश के आराध्य देव – चारभुजानाथ जी
(c) गुहिल वंश की कुलदेवी - कैलादेवी
(d) गुहिल वंश की आराध्य देवी – चारभुजा माता

12. मेवाड़ में सर्वप्रथम नौकरशाही का गठन किस शासक ने किया था?
(a) रावल जैत्रसिंह
(b) राणा हम्मीर



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(c) अल्लट
(d) नरवाहन

13. "जो दृढ़ राखै धर्म को तिहिं राखै करतार" ये पंक्तियाँ किस वंश के राजचिह्न में अंकित है?
(a) जोधपुर-मारवाड़ के राठौड़ वंश
(b) उदयपुर-मेवाड़ के सिसोदिया वंश
(c) जैसलमेर-के भाटी वंश
(d) जयपुर के कच्छवाहा वंश

14. भुताला के युद्ध में जैत्रसिंह गुहिल ने निम्न में से किस सुल्तान को पराजित किया था?
(a) नासीरुद्दीन महमूद
(b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) आरामशाह
(d) इल्तुतमिश

15. अलाउद्दीन खिलजी ने रावल रतनसिंह पर विजय के पश्चात चित्तौड़गढ़ दुर्ग का नाम बदलकर रखा था?
(a) मोमिनाबाद
(b) खिज्राबाद
(c) खैराबाद
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

16. मालवा-मेवाड़ संघर्ष का सूत्रपात किसने किया था?
(a) राणा कुम्भा
(b) राणा सांगा
(c) राणा खेता
(d) राणा मोकल

17. कच्छवाहा वंश की उत्पत्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
(1) कच्छवाहा वंश स्वयं को भगवान श्रीराम के पुत्र कुश का वंशज मानते है।
(2) सूर्यमल्ल मीसण के अनुसार कच्छवाहा रघुवंशी कुर्म के वंशज है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) ना तो 1, ना ही 2

18. आमेर के किस शासक ने '12 कोठड़ी' नामक सामंती व्यवस्था को प्रारंभ किया था?
(a) पृथ्वीराज कच्छवाहा
(b) रामदेव
(c) सवाई प्रताप सिंह
(d) मान सिंह - प्रथम

19. राजपूताना का प्रथम शासक कौन था, जिसने मुगलों की अधीनता स्वीकार की थी?
(a) मोटा राजा उदय सिंह
(b) हरराय भाटी
(c) महाराणा अमर सिंह-प्रथम
(d) भारमल

20. पुरन्दर की संधि किस-किस के मध्य हुई थी?
(a) सवाई जय सिंह व शिवाजी
(b) मिर्जा राजा जय सिंह व बाजीराव-प्रथम
(c) मिर्जा राजा जयसिंह व शिवाजी
(d) शाहजहाँ व शम्भाजी

21. राठौड़ों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) कन्नौज शाखा की उत्पत्ति के अनुसार राठौड़ सूर्यवंशी हैं।
(b) राठौड़ स्वयं को भगवान श्री रामचन्द्र के पुत्र कुश का वंशज मानते हैं।
(c) राठौड़ वंश महाकाव्य के अनुसार राठौड़ों की उत्पत्ति भगवान शिव के शीश पर स्थित चन्द्रमा से हुई है।
(d) पृथ्वीराज रासो के अनुसार राठौड़ बदायूँ शाखा के माने जाते हैं।

22 जोधपुर के किस महाराजा ने 1857 ई. में अंग्रेजों का साथ देते हुए विद्रोहियों से युद्ध किया था?
(a) महाराव रामसिंह
(b) महाराजा तख्तसिंह
(c) महाराजा स्वरूपसिंह
(d) महाराजा भीमसिंह

23. आवल-बावल की संधि किस-किस के मध्य हुई?
(a) राणा कुंभा-रणमल राठौड़
(b) रणमल राठौड़-मोकल
(c) राणा कुंभा-राव चूड़ा
(d) राणा कुंभा-राव जोधा



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

24. खानवा के युद्ध में राणा सांगा का सहयोग करने हेतु मारवाड़ के किस शासक ने मालदेव के नेतृत्व में सेना भेजी?
(a) जयदेव
(b) राव गांगा
(c) जयचंद
(d) गंगासिंह

25. राठौड़ों का प्रथम पितृहन्ता कौन था?
(a) गांगादेव
(b) भूपसिंह
(c) राव मालदेव
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. सिरोही नगर की स्थापना किसने की?
(a) शिवभान
(b) राव लुम्बा
(c) सहसमल
(d) भिमान

27. रणथम्भौर के चौहान वंश का संस्थापक कौन था?
(a) गोविंद राज चौहान
(b) वाग्गभट्ट
(c) हम्मीरदेव चौहान
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. रणथम्भौर दुर्ग का घेरा उठाने का आदेश देते हुए किस सुल्तान ने कहा था कि, "ऐसे 10 किलों को भी मैं मुसलमान के एक बाल के बराबर भी नहीं समझता"?
(a) जलालुद्दीन खिलजी
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) नसीरुद्दीन महमूद
(d) बलबन

29. अलाउद्दीन खिलजी की चिमना बेगम और मोहम्मद शाह के बीच प्रेम व अलाउद्दीन के विरुद्ध उनका षड्यंत्र करना, हम्मीर पर आक्रमण का मुख्य कारण किसने बताया है?
(a) चंद्रशेखर
(b) अबुल फजल
(c) अमीर खुसरो
(d) नैणसी

30. तारागढ़ दुर्ग (बूँदी) का निर्माण किसने करवाया?
(a) सर्जन हाडा
(b) बर सिंह हाडा
(c) रतन सिंह
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213